Bharat Temples

गोकुल में बजी बधाई

भादो की आधी रात में जन्मे है कृष्ण कन्हाई
गोकुल में बजी है बधाई आज गोकुल में बजी है बधाई

मथुरा में जन्मे कान्हा गोकुल पधारे
हर्षित हुए हैं आज गोकुल जन सारे
पैदा होते ही कैसा खेल दिखाया
पहरे दारो को कैसी नींद सुलाया
रचदी है लीला अपनी माया है मथुरा पहुंचाई-----

दीपो से चमके जगमग सारी ही बस्ती
तीनों लोको में आज छाई है मस्ती
मैया यशोदा देखे कान्हा का मुखड़ा
मेरे कलेजे का तू है रे टुकड़ा
मस्तक चूमे लला का फूली ना आज समाई -----

दर्शन पाने कान्हा का सब दौड़े आए
अनेको खिलोने उपहार में लाए
विजय बनाके लाया शब्दो की माला
अर्पण है पहनो माँ यशोदा के लाला
नन्द बाबा करे बड़ाई आज खुशी की रूत आई ------

Source: https://www.bharattemples.com/gokul-me-baji-badhaai/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw